हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 11 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 38.6 डिग्री
न्यूनतम 28.4 डिग्री

12 बाला सुंदरी मंदिर बड़ा त्रिलोकपुर को जाने वाली...

12 नशे की वजह से देश में हर साल 19 लाख लोग तोड़ ...


## खबर संक्षेप

### लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल क्षेत्र में लूट के मामले में पुलिस ने आरोपी मनप्रीत सिंह व मनप्रीत को गिरफ्तार किया है। एक किशोर को ऑब्जर्वेशन होम में भेज दिया गया है। गांव बांहपुर के जश्नदीप सिंह ने 9 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव बाहपुर में स्थित उसके घर के मेन गेट के पास से आरोपियों ने उसके नौकर से एक मोबाइल, आधार कार्ड व नकदी छीनकर फरार हो गए।

### धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी सुभाष व एक महिला को काबू किया है। पीड़ित महिला ने 11 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 अक्तूबर 2023 से 21 दिसंबर 2023 के दौरान आरोपी सुभाष व अन्य ने उससे प्लाट का ब्याना करके रजिस्ट्री किसी अन्य के नाम करवाने का अपराधिक कार्य किया है।

### जहर के प्रभाव से आशा वर्कर की मौत

**पानीपत।** पानीपत के जाटल रोड स्थित आरके पुरम निवासी आशा कार्यकर्ता लक्ष्मी देवी पत्नी मुकेश कुमार की जहर के प्रभाव से मौत हो गई। आशंका है कि महिला ने धोखे से जहरीला पदार्थ निगला था। पति मुकेश, लक्ष्मी को एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया था, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

### बाइक में आग लगाई केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 25 स्थित ट्रक यूनियन में असामाजिक तत्वों ने तीन दोस्तों के साथ मारपीट की और उनकी बाइक में आग लगा कर जला दिया। चांदनीबाग थाना पुलिस ने दीपक निवासी विकास नगर की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

### अवैध असला सप्लायर को पुलिस ने पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने अवैध असला सप्लायर राहिल निवासी परसियान मोहल्ल शामली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार करलिया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि आरोपी ने शाहरूख निवासी हरसिंह चौक जसबीर कॉलोनी को अवैध देसी पिस्तौल बेचा था।

### ट्रेन से कट कर ग्रामीण की मौत

**समालखा।** पानीपत के गांव मनाना के रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जीआरपी इंचार्ज जसबीर सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह अप लाइन पर खंभा नंबर 72 का 11 से लेकर 72 का 17 नंबर खंभा के बीच ट्रेन की चपेट में आने सुखबीर निवासी गांव मनाना की मौत हुई है।

# दीनबंधु थर्मल पॉवर प्लांट में 800 मेगावाट की नई यूनिट का निर्माण शीघ्र होगा शुरू

## केंद्रीय मिनिस्ट्री ऑफ इनवायरमेंट से क्लीयरेंस मिलने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

दीनबंधु छोटूराम थर्मल पॉवर प्लांट यमुनानगर में जल्द ही 800 मेगावाट की अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल यूनिट के निर्माण कार्य का जल्द शुभारंभ होने की उम्मीद बन गई है। यूनिट के निर्माण कार्य का शुभारंभ किए जाने के लिए केंद्रीय मिनिस्ट्री ऑफ इनवायरमेंट से इनवारयमेंट क्लीयरेंस मिलने की इंतजार है। इससे पहले थर्मल प्लांट में तीन- तीन सौ मेगावाट की दो यूनिटें पहले ही काम कर रही हैं। इस नई यूनिट के लगाए जाने पर थर्मल प्लांट में बिजली उत्पादन बढ़ सकेगा।

- **थर्मल प्लांट में पहले से चल रही हैं तीन-तीन सौ मेगावाट की दो यूनिटें, प्लांट में अब 800 मेगावाट यूनिट का निर्माण होने से बढ़ेगा बिजली उत्पादन**


यमुनानगर के दीनबंधु छोटू राम थर्मल पॉवर प्लांट का बाहरी दृश्य। फोटो : हरिभूमि

थर्मल पॉवर प्लांट के सूत्रों का कहना है कि प्लांट में लगने वाली 800 मेगावाट की नई यूनिट पर 5352.75 करोड़ लागत आने का अनुमान है। प्लांट के अधिकारियों का दावा है कि मिनिस्ट्री ऑफ इनवायरमेंट से इनवायरमेंट क्लीयरेंस मिलने पर सितंबर माह तक नई यूनिट का निर्माण कार्य के शुरु होने की पूरी संभावना है। निर्माण कार्य शुरु होने 48 माह में कार्य पूरा होने की उम्मीद है। यानि थर्मल में 2028 तक नया प्लांट बनकर तैयार हो जाएगा और बिजली उत्पादन शुरू हो सकेगा।

### नई यूनिट में 22 क्यूसेक पानी की होगी खपत

थर्मल पॉवर प्लांट के अधिकारियों के प्लांट में लगने वाली अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल 800 मेगावाट की नई यूनिट के लिए 22 क्यूसेक पानी की आवश्यकता होगी। जबकि मौजूदा समय में दीनबंधु छोटू राम थर्मल पॉवर प्लांट की तीन-तीन सौ दो यूनिटों के लिए 19 क्यूसेक पानी की आवश्यता है। इसके लिए पश्चिमी यमुना नहर से पानी की पूर्ति की जा रही है।

### 12.61 लाख मीट्रिक टन बिजली उत्पादन हो रहा

प्लांट के अधिकारियों ने बताया कि अभी तक थर्मल पॉवर प्लांट में वर्तमान में कार्य कर रही दोनों 600 मेगावाट यूनिट से 12.61 लाख मीट्रिक टन बिजली उत्पादन हो रहा है। थर्मल प्लांट में 800 मेगावाट की नई यूनिट लगने के बाद यमुनानगर भी प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन जाएगा जहां पर सबसे बड़ी बिजली उत्पादन की इकाई होगी। इससे पहले अभी तक प्रदेश के झज्जर में 1320 मेगावाट, पानीपत में 710 मेगावाट व हिसार के खेदड़ प्लांट में 1200 मेगावाट की यूनिट लगी हुई हैं।

# सरकार ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना में तेजी लाने को प्रतिबद्ध

## भू-स्वामियों को दिया जाएगा उचित मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घरौंडा

विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में सरकार पूरे हरियाणा में गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में ऊर्जा विभाग ने प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ट्रांसमिशन परियोजनाओं से प्रभावित भूमि मालिकों को उचित मुआवजा देने हेतु एक नई मुआवजा नीति शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य भूमि मालिकों, विशेष रूप से किसानों और ट्रांसमिशन यूटिलिटीज के बीच लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को हल करना है। उन्होंने कहा कि इस नई नीति से किसानों को दिए जाने वाले मुआवजे में पर्याप्त वृद्धि होगी और इसका उद्देश्य प्रभावित भूमि मालिकों के लिए उचित मुआवजा सुनश्चिति करते हुए ट्रांसमिशन लाइनों के कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करना है। इस पहल से राज्य के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलने और इसके बहुमुखी विकास में योगदान मिलने की उम्मीद है।

- **हरियाणा सरकार ने नई नीति को दी मंजूरी : कल्याण**

विधायक ने बताया कि हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड को ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना के दौरान भूमि मालिकों, विशेषकर किसानों व लाइन निर्माण इकाई में गतिरोध रहा है जिससे की इस अहम व आधारभूत निर्माण में विलंब हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इस नीति के क्रियान्वयन से अब आधारभूत निर्माण में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ट्रांसमिशन लाइनों के लिए राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) के मुआवजे हेतु जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप हरियाणा सरकार ने इस नीति को मंजूरी दी है।

# प्रेमी ने की थी गोलापुर निवासी सपना की हत्या

## मृतका प्रेमी पर शादी करने का बना रही थी दबाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव भवानीपुर के खेतों में 21 जून को मृत मिली गांव गोलापुर निवासी सपना की हत्या उसके प्रेमी गांव बाना बहादुरपुर निवासी जगमोहन सिंह उर्फ मोनी ने गला घोटकर की थी। जांच में पता चला कि मृतका आरोपी युवक जगमोहन पर शादी करने का दबाव बना रही थी। जबकि वह पहले से ही शादीशुदा था। समझाने के बाद भी जब सपना नहीं मानी तो आरोपी ने उसकी हत्या करने का प्लान बनाया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है।

- **पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया**


यमुनानगर में युवती की हत्या के मामले में पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ।

सीआईए टू के इंचाज अनेश कुमार ने बताया कि गांव मिल्कखास निवासी जलाल मसीह से साढ़े चार एकड़ जमीन गांव भवानीपुर में ठेके पर ली हुई है। 21 जून की दोपहर को वह खेतों में गया था। जहां उसे खेत में युवती का शव पड़ा मिला। जिसके गले में चुन्नी का फंदा बना हुआ था। मुंह से खून भी निकल रहा था। उस समय पुलिस को शिनाख्त नहीं हो सकी थी। जांच के दौरान मृतका की पहचान गांव गोलापुर निवासी सपना के रूप में हुई थी। सपना मोहाली के एक अस्पताल में नर्स की नौकरी करती थी। जांच में सामने आया कि सपना का गांव बाना बहादुरपुर निवासी जगमोहन के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतका व आरोपी स्कूल व कॉलेज में एक साथ पढ़े थे। इस दौरान जगमोहन की शादी 2016 में हो गई थी। इसके बाद आरोपी जगमोहन विदेश चला गया और सपना मोहाली के एक अस्पताल में नर्स की नौकरी करने लगी। जब जगमोहन विदेश से वापस आया तो उसकी मुलाकात सपना से हुई और उनके बीच में फिर से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। इस दौरान सपना जगमोहन पर अपनी पत्नी से तलाक का दबाव बना रही थी। जिस कारण जगमोहन परेशान था। 20 जून को आरोपी जगमोहन ने सपना को नारायणगढ़ मिलने के लिए बुलाया। जगमोहन ने चुन्नी से गला दबाकर सपना की हत्या कर दी और उसके शव को गांव भवानीपुर के खेतों में फेंक दिया।

# पुलिस की मुस्तैदी से बदमाशों की योजना फेल

## कुरुक्षेत्र में बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में 4 आरोपी हथियारों के साथ काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बनाते चार आरोपियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने सफलता हासिल की है। आरोपियों से 3 पिस्टल, 2 देसी कट्टे 315 बोर, 5 मैगजीन तथा 28 जिन्दा रौंद बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 9 जुलाई को अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम गश्त पर थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि सेक्टर-10 कुरुक्षेत्र में कुछ बदमाश किस्म के लोग किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे हैं। सूचना पर अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी सुरेन्द्र सिह की टीम ने सेक्टर-10 में पुरानी निमार्णाधीन बिल्डिग से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान अंकित पुत्र लक्ष्मण सिह वासी भगवानपुर जिला सहारनपुर यूपी, लक्ष्य पुत्र सुरेन्द्र सिह वासी गौन्दर जिला करनाल, सोनू पुत्र औम प्रकाश वासी सिरसल जिला कैथल, निखिल कुमार पुत्र राजेन्द्र वासी गौन्दर जिला करनाल के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम के बिल्डिग में पहुंचने पर आरोपी अंकित वासी भगवानपुर जिला सहारनपुर यूपी ने जान से मारने के नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम ने अपना बचाव किया। उसके बाद दूसरा फायर लक्ष्य वासी गौन्दर जिला करनाल ने किया। पुलिस द्वारा जवाबी फायर में एक गोली आरोपी अंकित वासी भगवानपुर जिला सहारनपुर यूपी के पैर मे लगी। आरोपी का एलएनजेपी अस्पताल में इलाज करवाया गया। आरोपियों के खिलाफ पहले भी मामले दर्ज हैं। सोनू वासी सिरसल जिला कैथल के खिलाफ 2017 में कोर्ट कम्पलेक्स करनाल में एक बड़े आरोपी पर गोली चलने का मामला दर्ज है। लक्ष्य वासी गौन्दर थाना निसिंग जिला करनाल के खिलाफ भी एक आर्मस एक्ट व लडाई झगडे का मामला दर्ज है। बाकि आरोपियों के रिकार्ड बारे भी पता किया जा रहा है।

- **आरोपियों के खिलाफ पहले भी मामले दर्ज**


कुरुक्षेत्र। पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### कोर्ट परिसर कुरुक्षेत्र में आरोपी का मर्डर करना था

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने कोर्ट परिसर कुरुक्षेत्र में आरोपी निर्मल भुलर वासी लाडवा का मर्डर करना था। आरोपियों से पूछताछ मे ये बात भी सामने आई है कि आरोपी यह कारवाई जिला करनाल वासी बिंद्र जो अमेरिका मे रह रहा है के कहने पर करने वाले थे।

# दिन दहाड़े सब्जीमंडी से आढ़ती का रुपयों से भरा बैग चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

चोरों ने दिन दहाडे. सब्जी मंडी से आढ़ती का रुपयों से भरा बैग चोरी कर लिया। बैग में पौने दो लाख रुपये व पर्स था, जिसमें दो हजार रुपये थे।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव भोगपुर निवासी साहिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सब्जी मंडी यमुनानगर में बालाजी ट्रेडिंग कंपनी के नाम से दुकान है। दुकान र उनके साथ मुंशी जयपुर निवासी विक्रम रहता है। दोपहर को वह दुकान पर काम खत्म करने के बाद सो गए थे। कुछ देर बाद जब उनकी आंख खुली तो उनका बैग गायब था। बैग में दुकान के पौने दो लाख रुपये थे और पर्स था। जिसमें दो हजार रुपये व अन्य दस्तावेज थे। दुकान से मुंशी का मोबाइल भी गायब मिला। जब उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किये तो एक युवक बैग चोरी करके ले जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- **बैग में थे पौने दो लाख रुपये व पर्स**

# शेयर मार्केट में निवेश करने का लालच देकर एनएचएआई के इंजीनियर से 16.37 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

एनएचएआई के इंजीनियर से शेयर मार्केट के निवेश के नाम पर 16.37 लाख की ठगी हो गई। खुद के साथ हुए फ्रॉड को लेकर इंजीनियर ने साइबर थाने की पुलिस को शिकायत सौंप कार्रवाई की मांग की है। पीड़ति ने मामले की शिकायत पुलिस से कर दी है।अंबाला छावनी के महेश नगर के रहने वाले आयुष कुकरेती ने बताया कि वह एनएचएआई में बतौर सिविल इंजीनियर सेवारत है। 24 जनवरी को उसके मोबाइल पर एक लड़की ने कॉल की। उसने अपना नाम श्रुति बताया था। कहने लगी कि वह शेयर मार्केट में मनी कैपिटल की कंपनी में काम करती है। उसने पूछा कि आप शेयर मार्केट मे पैसे लगाना चाहते हो? तब उसने कहा कि हां वह पैसे लगाना चाहता है। फिर लड़की ने पूछा कि आप कौन से शेयर खरीदना चाहते हो। उसने कहा कि इस बारे मुझे ज्यादा ज्ञान नहीं है। कॉल करने वाली लड़की ने मुनाफा दिलाने की बात कही। कॉल करने वाली ने बताया कि आपके मुनाफे से 30 प्रतिशत वह लेगी। ऐसे करते हुए लड़की ने संजय नाम के व्यक्ति से बात कराई। उसका डीमेट पर खाता खोलने को कहा। उसके आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैक खाता की पूरी डिटेल ले ली। इसके बाद आरोपियों ने उसने अपने जाल में फंसा कर 16.37 लाख हड़प लिए। साइबर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ साजिशन ठगी का केस दर्ज किया है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को काबू करने की बात कह रही है।

- **साइबर पुलिस ने ठगी का केस दर्ज कर जांच शुरू की**



# जीटी रोड पर कार की टक्कर से 12 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत में जीटी रोड पर नांगल खेडी के पास मंगलवार की रात को कार की चपेट में आने से सडक पार कर रहे विद्यानंद कालोनी निवासी सीमा देवी, रीता, नरगिस, सीमा देवी, अशोक पाल, सतेंद्र, आशिया, पिंकी, सुभाष, सतबीर देवी, सावित्री देवी, सीमा घायल हो गए। जबकि गंभीर रूप से घायल सतबीर देवी को प्राथमिक उपचार देने के बाद चिंताजनक हालत में रोहतक पीजीआई के लिए रेफर किया गया है। वहीं, हादसा करने वाली कार के चालक महाबीर निवासी गांव पट्टीकल्याणा ने घायलों को अपनी कार व अन्य वाहन चालकों की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया। इधर, थाना हुडा सेक्टर 29 के जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल सुशील कुमार ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब बड़ी संख्या में लोग सड़क पार कर रहे थे।

## बिगड़ा रसोई का बजट, थालियों से हरी सब्जियां गायब होने लगी

# सब्जियों के दाम बढ़े, टमाटर के तेवर हुए लाल

तरूण वधवा ▸▸| कुरुक्षेत्र

बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत तो दी लेकिन जेबों पर भार डाल दिया। हरी सब्जियों के दाम आसमान छूने को हैं। लाल टमाटर शतक लगाने की करीब पहुंच गया। बीते एक पखवारे से दाम बढ़ने से आम लोगों की थालियों से हरी सब्जियां गायब होने लगी हैं। साथ ही रसोई का बजट बिगड़ने लगा है। आम आदमी पर महंगाई की मार लगातार पड़ रही है। टमाटर के दाम बढ़ने के साथ अन्य सब्जियों के रेट भी बढ़ चुके हैं। सब्जियों के दाम सातवें आसमान पर पहुंच गए हैं। सब्जियों के बढ़ते दाम ने खाने का स्वाद बिगाड़ दिया है। 2 महीने पहले 20 से 30 रुपए प्रति किलो बिक रहा टमाटर अचानक से महंगा हो गया है। टमाटर के दाम प्रतिकिलो 80 रुपये तक पहुंच गए है। हरी सब्जियों के महंगे होने की वजह से गरीब लोगों की थाली से हरी सब्जियां ही गायब सी हो गई है। हरी सब्जियों में सबसे ज्यादा महंगाई की मार टमाटर पर आ गई है। टमाटर प्रति किलो 80 रुपए से 100 रुपए तक जा पहुंचा है। सब्जी के विक्रेता टोनी रोहिला ने बताया कि बारिश के मौसम में टमाटर की उत्पादकता में कमी हो गई, जो टमाटर हुआ भी था, वह अचानक हुई बारिश में बर्बाद हो गया। ऐसे में दूरदराज क्षेत्रों से आने वाला टमाटर महज 1 हफ्ते के अंदर कई गुना ज्यादा महंगा हो गया या यूं कहें कि अब टमाटर खरीदना सामान्य वर्ग के लिए बहुत महंगा हो गया।

- **आम आदमी पर पड़ रही महंगाई की मार**


सब्जी मंडी में सब्जियां खरीदते ग्राहक। फोटो : हरिभूमि

### प्याज का भाव 50 रुपये पहुंचा

वहीं बाजार में सब्जी खरीदने पहुंचे रमन व अनिल ने बताया कि सब्जी महंगी होने की वजह से अब वह आधा किलो की बजाए ढाई सौ ग्राम ही सब्जी खरीद रहे हैं। हालांकि एक माह के बाद सब्जी के दाम कम होने की उम्मीद जताई जा रही है। फुटकर बाजार में टमाटर पिछले माह 30 से 40 रुपये किलो में बिक रहा था जो अब 80 से सौ रुपये पहुंच गया। आलू भी अर्धशतक की तरफ बढ़ रहा है। वहीं 30 रुपये किलो बिकने वाले प्याज का भाव 50 रुपये तक पहुंच गया है।

| सब्जी | | पहले | अब प्रति किलो |
|---|---|---|---|
| टमाटर | | 30 | 80 रुपये |
| प्याज | | 25 | 45 रुपये |
| लहसुन | | 180 | 200 रुपये |
| अदरक | | 180 | 200 रुपये |
| हरी धनिया | | 60 | 80 रुपये |
| शिमला मिर्च | | 40 | 80 रुपये |
| हरी मिर्च | | 60 | 100 रुपये |
| आलू | | 25 | 35 रुपये |
| लौकी | - | 30 | 60 रुपये |
| तोरी | - | 30 | 60 रुपये |
| खीरा | - | 20 | 50 रुपये |
| बैंगन | - | 30 | 60 रुपये |
| करेला | - | 30 | 50 रुपये |
| पेठा | - | 20 | 40 रुपये |

# ट्रक लूटने के मामले में पांच आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

पेय पदार्थ लाहौरी जीरा से भरा ट्रक लूटने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है। सीआईए वन ने आरोपियों के कब्जे से नकदी के साथ दो ट्रक व लाहौरी जीरे की 550 पेटी भी जब्त की है। पुलिस ने 4 जुलाई 2024 को थाना बलदेव नगर में यह केस दर्ज किया था। पकड़े गए आरोपियों में बागपत यूपी के साजिद, कैराना के मुबीन, सलमान खान के तौर पर हुई है। आरोपियों को अब पुलिस ने पांच दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामे में पुलिस ने पहले 7 जुलाई 2024 को यूपी के ही आरोपी आविद व शिवम उर्फ सन्नी को गिरफ्तार किया था। रिमांड के दौरान ही पुलिस के सामने आरोपियों ने दूसरे आरोपियों की पहचान उजागर की थी। पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

- **नकदी, दो ट्रक, 550 पेटी लाहौरी जीरा व देसी पिस्टल भी आरोपियों के कब्जे से मिली**



अंबाला। पकड़े गए आरोपी पुलिस हिरासत में। फोटो : हरिभूमि

ट्रक चालक बिहार के ललन पंडित ने 29 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि सद्दोपुर बैरियर के पास वह अपने ट्रक को रोककर टायरों की हवा चेक कर रहा था। तभी नकाबपोश युवकों ने पिस्टल नुमा हथियार की नोक पर उससे लाहौरी जीरा से भरा ट्रक लूट लिया। उसे आगे रास्ते में उतार कर पेड़ से बांध कर ट्रक सहित फरार हो गए। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच की जिम्मेदारी सीआईए वन को दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को काबू कर उनसे दो ट्रक, 500 सौ पचास पेटी लाहौरी जीरा, नकदी व देसी कट्टा बरामद किया।

## खबर संक्षेप

### रोडवेज में मिलेगी 1 हजार किमी की मुफ्त यात्रा सुविधा

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा रोडवेज की बसों में 1 हजार कि.मी की मुफ्त यात्रा की सुविधा के लिए 1 लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों के सदस्यों को हैप्पी कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। रोडवेज डिपो द्वारा जिला में अब तक 19 हजार 360 हैप्पी कार्ड का वितरण किया जा चुका है, जिनका लाभार्थियों द्वारा मुफ्त बस यात्रा में उपयोग किया जा रहा है।

### झुग्गी-झोपड़ी के लोगों को किया जागरूक

**करनाल।** केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी मामले मंत्रालय के निर्देशानुसार नगर निगम करनाल शहर में सफाई अपनाओ - बीमारी भगाओ अभियान चला रहा है। इसके तहत नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम द्वारा शहर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में रोजाना स्वच्छता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। यह जानकारी नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत बुधवार को मंगलपुर स्थित राजकीय विद्यालय में अध्यापकों व विद्यार्थियों को जल स्वच्छता, जल बचाओ, वर्षा जल संचयन, सोख्ता गढ्ढा, साफ-सफाई तथा व्यक्तिगत स्वच्छता संवर्धन बारे जागरूक किया।

### भाजपा ने खेलों में हरियाणा को किया नजरअंदाजः राणा

**घरौंडा।** हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल राणा ने कहा कि खेलों में नंबर वन हरियाणा को भाजपा सरकार की नीतियों ने बद्तर हालातों की तरफ धकेल दिया है। खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल मैदान भी असुविधाओं के कारण खस्ता हालत में पड़े हैं। दुर्भाग्यवश आज भाजपा के राज में हरियाणा की हालत यह है कि खेल के मैदान जहरीले जंगली जानवरों का ठिकाना बन गए हैं। उन्होंने बताया कि आज खेल सुविधाओं के अभाव वाले खेल मैदान स्टेडियम कम और खंडहर अधिक हैं। जो हरियाणा कभी ₹नंबर 1 हरियाणा₹ जैसे नारों को चरितार्थ करता था, आज भाजपा अपने कुशासन में यहां विकास की जगह मुख्यमंत्री बदलने के तजुर्बे कर रही है।

### विभोर एडिबल ऑयल रिलॉन्च किया

**करनाल।** लुईस डेफ्रस ने अपना एडिबल ऑयल, विभोर रिलॉन्च किया है। यह रिलॉन्च वैल्यू चेन में अपनी पहुँच का विस्तार करने की एलडीसी की विस्तृत रणनीति के अनुरूप किया गया है। भारत में 25 सालों से मौजूद एलडीसी ने अपनी विशेषज्ञता और स्थानीय बाजार की समझ के साथ विभोर ब्रांड को फिर से पेश किया है। इसका उद्देश्य भारत में तेजी से बढ़ते एडिबल ऑयल बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत करना है क्योंकि यह बाजार 2024 में 34.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने और 2024 से 2029 तक प्रतिवर्ष 4.94% की दर से बढ़ने की उम्मीद है। एलडीसी के कंट्री सीईओ सुमित मित्तल ने कहा भारत एलडीसी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। हमारा रिफ्रेश्ड विभोर ब्रांड स्वास्थ्य के प्रति सतर्क भारतीय ग्राहकों की विकसित होती हुई जरूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करता है।

## ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूरा करने में पीएम सूर्य घर योजना कारगर

# लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में किया जा रहा जागरूक

### विभागीय भजन मंडली व सूचीबद्ध पार्टी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों को कवर करते हुए आमजन को कर रही जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। विशेष प्रचार अभियान के दौरान करनाल जिला के गांवों और शहरों के वार्डों को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले में विशेष प्रचार अभियान में विभागीय नियमित व सूचीबद्ध भजन पार्टी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए पहुंच रही हैं। भजन पार्टियां अपने गीत व संगीतमय मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से सरकार की योजनाएं, नीतियों और उपलब्धियों के बारे में आमजन को जागरूक करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विशेष प्रचार अभियान का उद्देश्य आमजन को सरकार की विकासात्मक नीतियों, योजनाओं, उपलब्धियों के साथ-साथ लोकप्रिय योजनाओं बारे लोक गायन शैली के माध्यम से जागरूक करना है। प्रचार अभियान के लिए प्रचार टीम की ड्यूटी लगाई गई है जो जिले के समूचे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के बारे में प्रचार कर रही हैं।

#### विशेष प्रचार अभियान से आमजन में आएगी जागरूकता

उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के बारे में आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार अभियान की काफी महत्वपूर्ण भूमिका है। विशेष प्रचार अभियान करने वाले विभागीय व सूचीबद्ध कलाकार ने सरकारी योजनाओं व नीतियों के बारे में संगीतमय प्रस्तुतियां तैयार की हैं जिनका जागरूकता के दृष्टिकोण से जनमानस पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अंत्योदय की भावना के साथ अनेक योजनाएं शुरू की हैं जो समाज के सबसे निचले वर्ग के उत्थान को सुनिश्चित करती हैं। ऐसी योजनाओं के बारे में जरूरतमंद नागरिकों को जागरूक करने का कार्य इस विशेष प्रचार अभियान के दौरान किया जाएगा। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भजन पार्टी द्वारा मंगलवार को गांव पाढा, दुपेरी, कुटेल, जैनपुर, भौजी, बडथल, रसीन, पूजम, डबकौली और हलवाना में आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों बारे जागरूक किया जाएगा।

### 1.80 लाख से कम आय वाले परिवारों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत प्रदेश के ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। सोलर पैनल लगाने का खर्च 1 लाख 10 हजार रुपये है। 60 हजार रुपये की राशि केंद्र सरकार द्वारा और 50 हजार रुपये की राशि हरियाणा सरकार द्वारा दी जाएगी। इस योजना का लाभ लेने से बिजली बिल जीरो हो जाएगा और जो अतिरिक्त बिजली बचेगी, उस बिजली को भी सरकार खरीदेगी, जिससे उनकी अतिरिक्त आय होगी। उपायुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार की यह बेहतरीन योजना है जिसके द्वारा समाज की गरीब वर्ग की ऊर्जा संबंधित जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस योजना से गरीब परिवारों का ऊर्जा खर्च लगभग शून्य हो जाएगा। अगर खपत से ज्यादा बिजली का उत्पादन सोलर पैनल द्वारा किया जाता है तो वह बिजली के खाते में जाएगा जिसका भुगतान सरकार द्वारा उक्त मकान मालिक को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के सशक्तिकरण में लाभकारी होगी। योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे। इस योजना से सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे पर्यावरण प्रदूषण कम होगा और स्वच्छ ऊर्जा के स्त्रोतों को अपनाने में मदद मिलेगी।

## ट्रांसमिशन लाइनों में उपयोग हुई जमीनों के लिए दिया जाएगा उचित मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में सरकार पूरे हरियाणा में गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में ऊर्जा विभाग ने प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ट्रांसमिशन परियोजनाओं से प्रभावित भूमि मालिकों को उचित मुआवजा देने हेतु एक नई मुआवजा नीति शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य भूमि मालिकों, विशेष रूप से किसानों और ट्रांसमिशन यूटिलिटीज के बीच लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को हल करना है। उन्होंने कहा कि इस नई नीति से किसानों को दिए जाने वाले मुआवजे में पर्याप्त वृद्धि होगी और इसका उद्देश्य प्रभावित भूमि मालिकों के लिए उचित मुआवजा सुनिश्चित करते हुए ट्रांसमिशन लाइनों के कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करना है। इस पहल से राज्य के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलने और इसके बहुमुखी विकास में योगदान मिलने की उम्मीद है। विधायक ने बताया कि हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड को ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना के दौरान भूमि मालिकों, विशेषकर किसानों व लाइन निर्माण इकाई में गतिरोध रहा है जिससे की इस अहम व आधारभूत निर्माण मे विलंब हो रहा है। इस नीति के क्रियान्वयन से अब आधारभूत निर्माण में तेजी आएगी।

### मत्स्य विभाग दे विभिन्न योजनाओं पर अनुदान

**करनाल।** हरियाणा सरकार ने मत्स्य पालन के व्यवसाय में लगे या इसके इच्छुक अनुसूचित जाति के परिवारों की भलाई के लिए विभिन्न अनुदान योजनाएं शुरू की हैं, ताकि आजीविका बढ़ाकर उनका सामाजिक उत्थान सुनिश्चित किया जा सके। जिला मत्स्य अधिकारी रंजना रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि मछली पालन हेतु ग्रामीण तालाबों को पट्टे पर लेने के लिए प्रथम वर्ष के दौरान पट्टा राशि पर 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अथवा वास्तविक पट्टा राशि का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, अनुदान दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा दो लाख रुपये होगी। उन्होंने बताया कि अधिसूचित पानियों में मछली पकड़ने के लिए स्वीकृत कुल राशि का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम पांच लाख रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार, विभाग द्वारा स्थापित मछली उत्पाद बिक्री के लिए 60 हजार रुपये की रेहड़ी खरीद पर 60 प्रतिशत या अधिकतम 36 हजार रुपये जो भी कम हों, लाभार्थी को दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मछली पालकों को 40 हजार रुपये के जाल की खरीद पर 60 प्रतिशत अथवा 24 हजार रुपये तक जो भी कम हो, का अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार, खाद-खुराक पर 150000 रुपये प्रति हेक्टेयर का 60 प्रतिशत की दर से या धनराशि प्रति हेक्टेयर 90,000 रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

## विधायक ने अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



**इंद्री।** विकास कार्यों को लेकर पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते विधायक रामकुमार कश्यप। *फोटो : हरिभूमि*

विधायक रामकुमार कश्यप ने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों की बैठक कर इंद्री हल्के में होने वाले विकास कार्यों एवं चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों से विचार-विमर्श किया। विधायक रामकुमार कश्यप ने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उपमंडल में होने वाले विकास कार्यों में तीव्रता लाए ताकि इन विकास कार्यों का लाभ जनता को मिल सकें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार बहुत गंभीर है। विकास कार्यों में प्रयोग होने वाले उच्च क्वालिटी एवं गुणवत्ता वाले सामान का प्रयोग करें। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत विकास कार्य करवाए जा रहे हैं और इन विकास कार्यों में पंचायती राज विभाग के अधिकारियों की विशेष भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजना के तहत होने वाले विकास कार्यों को सही ढग़ से अमली जामा पहनाए और इंद्री उपमंडल में होने वाले विकास कार्यों को पूर्ण करने की रूप रेखा बनाकर उन कार्यों को शीघ्र शुरू करवाए। उन्होंने कहा कि जिन विकास कार्यों को करवाना है उनका एस्टीमेंट बनाकर सरकार को भेजे ताकि उनको भी जल्द पूरा करवाया जा सकें।

## हनुमान मंदिर पार्क की महीनों से नहीं हुई सफाई ,लोगों ने खड़े किए विभाग पर सवाल

- टूटी ओपन जिम मशीनों को ठीक कराने की बजाए कर दिया उन पर पेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



शहर में साफ-सफाई को लेकर दावा करने वाले नगर निगम की पोल खुलती नजर आ रही है। हालात यह हैं कि शहर के प्रमुख पार्कों में जगह-जगह कचरा पसरा है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को लेकर निगम प्रशासन ने भले ही कमर कस ली हो, लेकिन शहर के कई पार्क ऐसे हैं, जहां सफाई तक नही हो पा रही है। जिससे आने वाले सर्वेक्षण में शहर को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। प्रेम नगर स्थित वार्ड 18 का हनुमान मंदिर पार्क पिछले कई माह से करनाल नगर निगम की अनदेखी का शिकार है। अधिकारियों की लापरवाही के कारण एक ओर जहां पार्क की सफाई व्यवस्था बदहाल है वहीं दूसरी और पेड़ पौधों का रखरखाव भी ठीक से ढंग से नहीं किया जा रहा। जगह-जगह पेड़ पौधे टूटे पड़े हैं और ना उनकी छटाई का कार्य हो रहा है। हफ्तों बाद भी टूटी डालियां और गंदगी पार्क में ही पड़ी है, जिसे उठाने वाला कोई नहीं है। प्रेम नगर स्थित कालोनीवासियों के लिए बने हनुमान मंदिर पार्क में सुबह शाम बड़ी संख्या में लोग सैर करने आते हैं लेकिन सफाई व्यवस्था न होने और बेतरतीब घास के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां तक की पार्क के अंदर लगे डस्टबिन भी महीनों से साफ नहीं हुए हैं जिससे यहां बदबू का माहौल रहता है। या तो हॉर्टिकल्चर विभाग के कर्मचारी पार्क की सफाई करने आते नहीं है और अगर सफाई करते भी हैं तो हफ्तों तक उसका कूड़ा नहीं उठाया जाता। इस बारे में पहले भी कई बार विभाग के अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है लेकिन हालात जस के तस हैं। बारिश का मौसम सर पर है ऐसे में पार्क की सफाई न होने के कारण यहां बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। कॉलोनी निवासी प्रेम चावला, धर्मेंद्र , चरणजीत, अशोक मिश्रा ने कहा कि कहने को तो करनाल सीएम सिटी है लेकिन पार्कों की सफाई व्यवस्था को देखकर इस दावे पर प्रश्नचिन्ह लग जाता है।



### बहन बेटियों के लिए दूसरी बस निःशुल्क सेवा शुरू

**घरौंडा।** गांव मुंडोगढ़ी से बुधवार को बहन बेटियों के लिए दूसरी बस निःशुल्क सेवा शुरू की गयी । बस को समाज सेवी सुशील कश्यप हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । समाज सेवी सुशील कश्यप ने बताया की घरौंडा विधान सभा के गांव मुंडोगढ़ी से बहन बेटियों के लिए फ्री निशुल्क बस सेवा शुरू की जा रही है यह बस मुंडो गढ़ी से होते हुए गांव मुंडो गढ़ी से डेरा ,सदर पुर पीर बड़ौली ,चौरा ,केरवाली ,अमृतपुर कला ,भैणी ,कुटैल ,रावर व तारपुर से होते हुए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कालिज करनाल तक जाएगी। इसी प्रकार एक बस शुक्रवार को गांव बरसत से घरौंडा वाया करनाल कल्पना चावला मेडिकल कालिज तक लड़कियों के लिए निशुल्क बस सेवा चलाई गयी । जिससे की बहन बेटिया कालिज में जाने से लेट हो जाती थी बहन बेटियों की मजबूरियों को देखते हुए यह फैसला लिया गया।

## कुमारी सैलजा की पदयात्रा का स्वागत करने के लिए बेताब है प्रदेश की जनता : ललित

- कहा : कांग्रेस को शहरी विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त दिलाना रहेगा मुख्य लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं किसान सैल के राष्ट्रीय संयोजक व हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के पूर्व सदस्य ललित बुटाना ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश के शहरी इलाकों में पदयात्रा निकालने का फैसला लिया है। इस फैसले का वह स्वागत करते है। ललित बुटाना ने कहा कि यह यात्रा जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह में शुरू होगी। इसके जरिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े व विपक्ष के नेता राहुल गांधी का संदेश हर शहरी मतदाता तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही भाजपा के 10 साल के कुशासन के बारे लोगों को विस्तार से बताया जाएगा। पद यात्रा का मुख्य लक्ष्य कांग्रेस को शहरी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के मुकाबले मजबूत करते हुए निर्णायक बढ़त दिलाना है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश के जिन 44 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त बनाई, उनमें से अधिकतर शहरी हैं। विधानसभा चुनाव बिल्कुल सिर पर हैं और ऐसे में कांग्रेस को शहरी विधानसभा क्षेत्रों पर एक नई रणनीति के तहत फोकस करने की जरूरत है। इसलिए कुमारी सैलजा ने पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए शहरी इलाकों में पदयात्रा करने का फैसला लिया है।

## 29 से 3 अगस्त तक सुप्रीम कोर्ट में लगेगी विशेष लोक अदालत

- सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वे मामले जिनमें सरकार पार्टी है, ऐसे मुकदमे विशेष लोक अदालत में रखे जा सकते हैं : डॉ सविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशानुसार विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जुलाई से लेकर 3 अगस्त तक न्यायिक परिसरों में किया जाएगा।

विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय भारत में लंबित वे मामले जिनमें सरकार पार्टी है, ऐसे मुकदमे विशेष लोक अदालत में रखे जा सकते है। यह जानकारी जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ सविता कुमारी ने दी। उन्होंने बताया कि करनाल जिला में स्थापित न्यायिक परिसरों में जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जन साधारण से अपील की कि वे अपने मुकदमों का निपटारा विशेष लोक अदालत के माध्यम से करें जिसके लिए कोई भी व्यक्ति जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, करनाल में संपर्क कर सकता है।



### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने संजय बठला का किया सम्मान

**करनाल।** हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री एवं करनाल से विधायक नायबसैनी के नवनियुक्त ओएसडी संजय बठला जो कि पूर्व में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के प्रतिनिधि रहे हैं को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा अमित कुमार के नेतृत्व में चिकित्सा प्रकोष्ठ की करनाल ईकाई के सदस्यों ने संजय बठला के निवास स्थान पर उनको पुष्प गुच्छ भेंट कर उनको सम्मानित करते हुए उनकी इस नियुक्ति पर संजय बठला को बधाई दी और मीठा मुंह करवाया। इस मौके पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा अमित कुमार ने संजय बठला को ओएसडी नियुक्त किए जाने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताते हुए कहा कि संजय बठला एक मिलनसार,ईमानदार एवं कर्मठ कार्यकर्ता कर्ता हैं और पहले भी वह पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि के रूप में बिना किसी भेदभाव के लोगों के काम करवाते रहे हैं। इस मौके पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं करनाल जिला प्रभारी डा राजेश आनंद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डा अशोक कुमार, जिला संयोजक डा महेंद्र प्रताप,डा रमेश कुमार,डा मुकेश तनेजा, डा विक्रम टुटेजा,जय भगवान,डा तरुण,डा गुलशन गुलाटी,डा मुकेश कौशिक,डा रामनिवास सहित अन्य जिला पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पर्यावरण को बचाना है तो पेड़ लगाने होंगे

**करनाल।** इनरव्हील क्लब ऑफ करनाल उदय की ओर से पेड़ लगाओ-हरियाली बढ़ाओ और हरित सदस्य बढ़ाएं अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें क्लब के सदस्यों द्वारा खुद भी पेड़ लगाए जा रहे है। वहीं लोगों को भी पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर इनरव्हील क्लब ऑफ करनाल उदय प्रधान सुषमा वर्मा ने कहा कि पेड़-पौधे मनाव जीवन ही नहीं बल्कि हर जीव-जन्तु के लिए बड़ा महत्व रखते है। उस दौरान ऑक्सीजन के लिए कितनी परेशानियां उठानी पड़ी, लेकिन आज लोगों द्वारा पेड़ों को काटा जा रहा है। जो आने वाले भविष्य के लिए सही नहीं। हमें पेड़ पौधों के महत्व को समझना होगा। यदि हमें पर्यावरण को बचाना है तो अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे।

### समाजसेवी राम नारायण साहू ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड में होंगे वीवीआईपी गेस्ट

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया देगा विशेष सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन रविवार 14 जुलाई को होने जा रहे भव्य ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड समारोह की तैयारियों का जायजा लेने को लेकर हुआ। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि ग्लोबल अचीवर्स अवार्ड समारोह में सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट फिल्म अभिनेता चंकी पांडे व पूर्व मिस इंडिया सिमरन आहूजा के साथ छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी एवं एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के इंटरनेशनल डायरेक्टर रामनारायण साहू वीवीआईपी गेस्ट के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा की रामनारायण साहू छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी हैं और एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के इंटरनेशनल डायरेक्टर हैं जोकि फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के क्षेत्र में अपनी टीम के साथ मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। रामनारायण साहू को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष सम्मान दिया जाएगा और उनकी टीम को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया की रामनारायण साहू के साथ कार्यक्रम में ग्लोबल अचीवर्स अवार्डी के रूप में इंटरनेशनल डायरेक्टर आत्मा राम साहू, नैशनल डायरेक्टर हरदयाल साहू, नैशनल डायरेक्टर चमन साहू,नैशनल डायरेक्टर रुपेश कुमार साहू, नैशनल डायरेक्टर राज कुमार साहू, वाईस प्रेजिडेंट राम नारायण साहू, नैशनल डायरेक्टर हेमंत कुमार साहू, स्टेट इंचार्ज प्रकाश, स्टेट कोऑर्डिनेटर दिगेश कुमार, स्टेट डायरेक्टर टोक राम साहू, स्टेट डायरेक्टर चंदर प्रकाश साहू; स्टेट डायरेक्टर तुलसी नन्द साहू, स्टेट डायरेक्टर विजय कुमार साहू, स्टेट डायरेक्टर कार्तिकेश्वर कुमार,स्टेट डायरेक्टर मुरली दास मानिकपुरी, स्टेट डायरेक्टर लेखराम साहू, स्टेट डायरेक्टर राज कुमार साहू एवं डिसर्ट्रिक्ट टीम से संजय केवट, संतोष कुमार यादव, अशोक कुमार पटेल, राम विलास कश्यप आदि शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा कबड्डी टीम का चयन 13 को

**पानीपत।** एमेच्योर हरियाणा कबड्डी संघ के अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद कृष्ण लाल पंवार व एमेच्योर हरियाणा कबड्डी संघ के चेयरमैन कुलदीप दलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले 9 से 11 अगस्त तक 11वीं बीच राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) का आयोजन बोध गया (बिहार) में होने जा रही है। इसके लिए हरियाणा की टीम का चयन ट्रायल बेस के माध्यम से सूर्यमुखी कबड्डी अकेडमी, जींद बाईपास रोहतक में 13 जुलाई को होगा।

### मैराथन में 20 हजार धावक भाग लेंगे

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय में पानीपत की विभिन्न एसोसिएशन व विभिन्न संस्थानों के पदाधिकारियों की बैठक ली व आगामी 28 जुलाई को जिले में होने जा रही मैराथन दौड़ की तैयारियों के संदर्भ में एसोसिएशनों के पदाधिकारियों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कहा व उन्हें कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी। वहीं, मैराथन में 20 हजार के करीब धावक भाग लेंगे।

### बढ़ रहा है आप का जनाधार

**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण विधानसभा के गांव छोटा और बड़ा महाराणा में बुधवार को आम आदमी पार्टी ने जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आप के प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक, होशियार सिंह, इकबाल पानीपती, राजवीर, शाकिर अंसारी, प्यारेलाल गुप्ता, राजकुमार मुंडे, संदीप मनचंदा, अमित नोहरा, सोमा देवी, महेंद्र देवी, बंटो देवी, संतो देवी, दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह, शिव कुमार, रविंद्र, रतन सिंह, हामिद अंसारी, राणा लाल, सुरेश कुमार, मक्खन सिंह आदि ने भाग लिया।

### ट्रैफिक पुलिस ने शिकंजा कसा

**समालखा।** समालखा क्षेत्र में लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने अपना शिकंजा कस दिया है। वाहनों पर सवार होकर आवारागर्दी करे व यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों से निपटने के लिए सिटी ट्रैफिक पुलिस द्वारा तीन टीमें बनाई गई है। यह जानकारी सिटी ट्रैफिक इंचार्ज प्रमोद वर्मा ने देते हुए कहा कि लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### कांग्रेस हर वर्ग की हितैषी पार्टी

**पानीपत।** कांग्रेस नेता ओमबीर पंवार ने अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत बुधवार को पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के आसन कलां गांव की कश्यप चौपाल में कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण हरियाणा की जनता विश्वास खो चुकी है। तीन महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में हरियाणा में भारी बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। इस अवसर पर बिजेंद्र कश्यप, महीपाल कश्यप, विकास कुमार, लोकेश पंवार, विकास अग्रवाल, ओमप्रकाश, राजेश शर्मा, प्रेम कश्यप, रमेश, रामेश्वर कश्यप, रमन व बेदु आदि मौजूद रहे।

### 220 शिकायतों का समाधान किया

**इसराना।** इसराना के एसडीएम कार्यालय में चल रहे समस्या समाधान शिविर को एक महीना हो चुका है। जिसमें अभी तक 220 से अधिक शिकायत पहुंची हैं जिसमें से कुछ का मौके पर समाधान हो गया तो कुछ को अभी इंतजार है। वहीं इस बारे में इसराना एसडीएम ज्योति मित्तल का कहना है कि समाधान शिविर में अब तक 220 से अधिक शिकायतें पहुंची हैं।

### भाजयुमो की बैठक का आयोजन

**पानीपत।** भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्यकारिणी की बैठक में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी अभिनव प्रकाश मुख्य वक्ता रहे। बैठक में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बलविन्द्र, प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति शर्मा, योगेश शर्मा, नीरज कश्यप, दीपक शर्मा, पवन देशवाल, मोहित, सुधांशु, नवीन वशिष्ठ, भारत आदि मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग खेलों में भाग लेकर जिले का नाम रोशन किया

# आर्य कॉलेज की तीन छात्राओं ने खेलों में लहराया देश का परचम

- इन तीनों छात्राओं का कॉलेज में पहुंचने पर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

आर्य कॉलेज की तीन छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग खेलों में भाग लेकर अपने कॉलेज के साथ-साथ जिले का भी नाम रोशन किया। बुधवार को कॉलेज प्रांगण में इन तीनों छात्राओं का कॉलेज में पहुंचने पर स्वागत किया गया, साथ ही कॉलेज प्रंबधक समिति के सभी सदस्यों के साथ-साथ कॉलेज प्राचार्य व प्राध्यापकों ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंगला ने कहा की हरियाणा प्रदेश के खिलाडियों ने खेलों में हर समय देश का नाम रोशन किया है और आर्य कॉलेज की भागीदारी इसमें बहुत अह्म रही है। उन्होंने कहा कि हमें अपने कॉलेज के खिलाड़ियों पर गर्व की वो खेलों में कॉलेज का मान बढ़ा रहे हैं। सुरेंद्र सिंगला ने इस उपलब्धि के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ पूरे आर्य कॉलेज परिवार को बधाई दी। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया कि आर्य कॉलेज की तीन छात्राओं ने बीए प्रथम वर्ष की छात्रा तन्नु राठी ने 1 से 8 जुलाई तक चीन में अंडर 20 एशियन वॉलीबाल चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया वहीं बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा अनु मलिक ने स्पेन में आयोजित हुई वर्ल्ड हैंडबाल यूनिर्सिटी चैंपियनशिप में अपने कॉलेज प्रदेश व देश का नाम रोशन किया। वहीं बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रेरणा रावल ने थाईलैंड में आयोजित हुई अंडर 18 एशियन वॉलीबाल चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व कर आर्य कॉलेज का नाम रोशन किया। डॉ.गुप्ता ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में आर्य कॉलेज के लगभग 35 विद्यार्थी का चयन खेल कोटे से सरकारी नौकरियों में हो चुका है और साथ ही 8 खिलाड़ियों का चयन प्रो.कबब्डी लीग में भी हो चुका है। वहीं कॉलेज की प्रबंधक समिति ने तीनों छात्राओं को 5100-5100 रुपये दे कर सम्मानित किया। इस अवसरपर डॉ.नरेश सैनी, डॉ.राजेश टूर्ण, कोच राजेंद्र देशवाल, राजा तोमर, सुनील पहल व प्राध्यापिका रजनी, अमन मलिक, युदवीर राठी, कैलाश राठी व लोकेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। आर्य कॉलेज की विजेता खिलाड़ी प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता आदि के साथ। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। सहकारी मंत्री महीपाल ढांडा जनसुनवाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# जनता की तन, मन, धन से सेवा कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लगातार चलाने की ग्रामीण क्षेत्रों में उठने लगी मांग

राज्य सरकार द्वारा संचालित किए जा रहे आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम धीरे धीरे जनता की सुर्खियां बटोरने लगा है। कार्यक्रम के प्रति आम जन मानस का लगातार रूझान बढ़ रहा है। लोग अपनी समस्याओं के निदान को लेकर कार्यक्रम में शिरकत कर रहे है। मौके पर समस्याओं के समाधान से खुश हैं व इस कार्यक्रम को भविष्य में भी संचलित करने की मांग कर रहे है। जिले में विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा के नेतृत्व में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम में बुधवार को आसन कलां और बिंझौल में मंत्री ने लोगों की समस्या को सुनते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंतिम पंक्ति तक के व्यक्ति की समस्या का निदान करना प्रमुख है व उसे यह अहसास दिलाना है कि सरकार हर कदम पर उसके साथ है। जनता की तन, मन, धन से सेवा कर रही भाजपा सरकार उन्होंने अधिकारियों के सहयोग से 14 पेंशनों को मौके पर ही बनवाया। जबकि मंत्री ढांडा ने कहा कि धरातल पर जो समस्याएं आम जन द्वारा रखी जाती है उनका निदान करना ही उनकी प्राथमिकता है। इस पर तीव्रता से कार्य करने का भी अधिकारियों को निर्देश भी देते है।

# अग्निवीर योजना का दुष्प्रचार कर रहा है विपक्ष : महीपाल

**पानीपत।** हरियाणा के विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा ने बुधवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अग्निवीर योजना सरकार की वह महत्वकांक्षी योजना है जिसका सीधा संबंध युवाओं के साथ जुड़ा है। दुनिया में ऐसे बहुत से देश है जिनमें अग्निवीर बहुत पहले से सेनाओं में भर्ती होकर राष्ट्र भावना से कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि जो अग्निवीर शहीद हो जाते है उन्हें एक करोड़ रुपये की राशि अलग अलग मदों में सहायता के रूप में प्रदान की जाएगी। इस अग्निवीर योजना में महिलाओं को भी भविष्य संवारने का अवसर मिलेगा। वहीं, अग्निवीर ऐसी योजना है जिसमें युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा व 25 प्रतिशत युवा योग्यता के आधार पर शामिल किया जाएगा।

- अग्निवीर योजना हर वर्ग की हितकारी, विपक्ष के भ्रामक प्रचार से बचें युवा वर्ग

### विपक्षी दल कर रहे है दुष्प्रचार

मंत्री महीपाल ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल भ्रामक प्रचार कर युवाओं को गलत दिशा में ले जाने का प्रयास कर रहे है। जो देश के हित में नहीं है। जागरूक युवाओं को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। विपक्ष को इस योजना को अच्छी तरह से अध्ययन करना चाहिए व इसके बाद ही कोई प्रतिक्रिया देनी चाहिए यह उनकी नैतिक जिम्मेदारी भी है। उनके इस भ्रामक प्रचार से युवा गलत रास्ता चुन सकते है यह उन्हें सोचना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि जिन देशों में अग्निवीर सेवाएं दे रहे है। वे देश मजबूती के साथ खड़े है व अन्य देशों के युवाओं के लिए प्रेरणादायी साबित हो रहे है।

# गर्मी व वर्षा से बचाव को रेहडी संचालकों को छाते बांटे

- क्लब की ओर से जरूरमंद लोगों की मदद का कार्य भविष्य में और ज्यादा किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन द्वारा आज शहर में आयोजित सामाजिक कार्य के तहत प्रधान डॉ.अनु कालरा ने अपने जन्मदिन पर गर्मी में फल, सब्जी आदि बेचने वाले रेहडी संचालकों को गर्मी से बचाव के लिए बडे छाते बांटे, ताकि इन छातों की छाव से रेहडी संचालक अपना गर्मी व बारिश से बचाव कर सके। वहीं, क्लब की प्रधान डॉ. अनु कालरा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम समाज के हर वर्ग की मदद कर सकें। इन छातों के माध्यम से न केवल इन विक्रेताओं को गर्मी व बारिश से राहत मिलेगी बल्कि इनर व्हील की पहचान भी शहर भर में फैलेगी। उन्होंने कहा कि क्लब की ओर से जरूरमंद लोगों की मदद का कार्य भविष्य में और ज्यादा किया जाएगा। इस अवसर पर क्लब की उप प्रधान सीमा बब्बर, पूर्व प्रधान नीतू छाबड़ा, सचिव डॉ.स्वाति गोयल, संपादिका रितिका गर्ग, आईएसओ रूपाली, कोषाध्यक्ष मंजरी गोयल, पूजा, ज्योति रहेजा, रेनु देशवाल आदि उपस्थित रही।



पानीपत। इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन की पदाधिकारीगण रेहड़ी वालों को छाते बांटे हुए। फोटो : हरिभूमि

# बेस्ट मदर प्रतियोगिता में बबीता प्रथम आई

**पानीपत।** पानीपत के गांव बापौली स्थित महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय में खंड स्तरीय बेस्ट मदर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खंड के विभिन्न सर्कलों से 18 महिलाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बबीता पत्नी नवजोत बापौली प्रथम, गोल्डी पत्नी अनिल सनौली खुर्द द्वितीय व रेखा पत्नी पवन तामसाबाद तृतीय स्थान पर रही। सुपरवाइजर मीना कुमारी ने बताया कि खंड स्तरीय बेस्ट मदर प्रतियोगिता का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से किया गया था। विजेता प्रतिभागी जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगी। वहीं बापौली सीएचसी से स्वास्थ्य निरीक्षक सुशील कुमार ने महिलाओं को माता के दूध के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर सुपरवाइजर मीना कुमारी, सुषमा, शीला, गरिमा, संगीता व सुनीता आदि सुपरवाइजर मौजूद रही।



पानीपत। बापौली खंड स्तरीय बेस्ट मदर प्रतियोगिता में भाग लेती महिलाएं ।

# हरियाणा में तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार : कंबोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पानीपत की बिशन स्वरूप कालोनी में भाजपा ओबीसी मोर्चा की विस्तारित जिला कार्यकारिणी की बैठक ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष गंगा राम स्वामी की अध्यक्षता में हुई। बैठक को मुख्यातिथि पूर्व मंत्री एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कंबोज ने संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले विधान सभा चुनाव में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार को बनाने में पिछड़ा वर्ग का अहम योगदान है। इस बार भी पिछड़ा वर्ग ने भाजपा की सरकार लाने का मन बना लिया है। वहीं, कंबोज ने 16 जुलाई को महेंद्रगढ़ में हो रहे प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता सुरेंद्र जलमाना, अत्तर सिंह प्रजापत, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रमुख एवं करनाल प्रभारी डॉ राजबीर आर्य, कृष्ण छोक्कर, सतबीर पांचाल, रफल सिंह कश्यप, सुनीता कश्यप, दया राम, बृजेश नैन, सुधीर, संदीप पहलवान, हरेंद्र, विपिन पांचाल, नारायण बैरागी, बिट्टू प्रजापति, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



पानीपत। भाजपा ओबीसी मोर्चा के के प्रदेशाध्यक्ष कर्ण देव कंबोज। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। जनसमस्याओं को लेकर बैठक करते हुए प्रशासनिक व पुलिस अफसर।

# समस्यायों के समाधान को अधिकारी करते हैं गहन मंथन व चिंतन : डॉ. वीरेंद्र

- समाधान शिविर में 314 समस्याएं विभिन्न शिकायतकताअरं द्वारा दी गई जिनमें 132 का मौके पर हुआ समाधान।

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समाधान शिविरों में शिकायत लेकर पहुंचने वाले शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि इस बात का संकेत है कि समाधान शिविर में शिकायतों पर तीव्रता से सुनवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के निर्धारित समय के दौरान आने वाले अन्य समस्याओं की सुनवाई निर्धारित समय के बाद की जाएगी। उन्होंने शिकायतकर्ताओं का भी आह्वान किया कि वे शिविर में उन्हीं समस्याओं को लेकर आए जो अति आवश्यक है। इधर, समाधान शिविर में 314 समस्याएं विभिन्न शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई। जिनमें 132 का मौके पर समाधान किया गया।

## समाधान शिविर अब 10 बजे से

**समालखा।** समालखा के एसडीएम ऑफिस में समाधान शिविर में शिकायतें सुनवाई का समय सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक कर दिया गया है। बुधवार को शिकायतें लेकर पहुंचे 29 शिकायतकर्ताओं द्वारा 15 शिकायतें सिर्फ परिवार पहचान पत्र से ही संबंधित थी। शिविर में पहुंचे कुल 29 शिकायतों में से 9 समस्याओं का एसडीएम अमित कुमार द्वारा मौके पर समाधान कर दिया गया। बाकी बची शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को समाधान हेतु प्रेषित कर दिया गया।

## बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया

**पानीपत।** मई माह से सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव व जिला को जीरो ड्रॉपआउट बनाने के लिए चलाये गये शिक्षा रथ अभियान के द्वारा महादेव कॉलोनी के राजकीय प्राथमिक पाठशाला कस्तूरबा के आसपास के क्षेत्र में स्कूल न जाने वाले बच्चों का सर्वे किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डीईईओ राकेश बूरा, हेड टीचर पुष्पा देवी व शिक्षा रथ की टीम के सदस्यों बोधराज, हरिओम व विक्रम पानू व स्टाफ सदस्यों के साथ घर घर जाकर सर्वे किया। जिसमें 24 बच्चों को जो किन्ही कारणों से स्कूल नहीं जा रहे थे उनको चिन्हित किया व स्कूल में दाखिला सुनिश्चित किया गया।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कृष्णपुरा में कला एक अहसास पुस्तक का विमोचन

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कृष्णपुरा, पानीपत में कार्यरत ललित कला प्राध्यापिका सुरेखा रानी की कला एक अहसास पुस्तक का विमोचन डीईओ पानीपत राकेश बूरा, बीईओ पानीपत बिजेंद्र हुड्डा ने किया। डीईओ पानीपत राकेश बूरा ने ललित कला प्राध्यापिका सुरेखा रानी की पुस्तक कला एक अहसास में कला एवं कलाकारों को समर्पित एक भाव एवं प्रयास है। इस अवसर पर बीआरसी पानीपत बिक्रम सहरावत, डॉ शिल्पा घनघस, रितु शर्मा, प्राचार्य प्रदीप राणा, डिप्टी अधीक्षक कमल, लिपिक पूजा, कला शिक्षक सुरेंद्र राठी आदि मौजूद रहे।

## स्कूल में पहुंचने पर सभी अधिकारियों का बुके देकर स्वागत किया

# एक पेड़ मां के नाम पर पौधा जरूर रोपें : शैलेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन पानीपत द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत बुधवार को राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल ददलाना में ड्राइंग कंपटीशन आयोजित करवाकर बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। जबकि मुख्य अतिथि शैलेश तिवारी कार्यकारी निदेशक उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन पानीपत द्वारा पौधरोपण किया गया। वहीं तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे कल का भविष्य होते हैं। वहीं, आने वाले समय का भार आप लोगों के कंधों पर है। इसलिए आप लोग स्वयं तो सफाई के प्रति जागरूक हो और दूसरों को भी सफाई के प्रति जागरूक करें। न तो हमें गंदगी फैलानी है और दूसरों को भी गंदगी फैलाने से रोकना है। उन्होंने कहा कि जहां पर साफ सफाई होती है वहां के लोग और बच्चे निरोगी रहते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि हमने एक पेड़ मां के नाम मुहिम चलाई है। आप भी इस मुहिम का हिस्सा बने और एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य लगाएं। इससे पहले स्कूल में पहुंचने पर सभी अधिकारियों का बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक शरद अग्रवाल, महाप्रबंधक राजीव रंजन, उप महाप्रबंधक विनोद कुमार लहंगीर, ब्लॉक समिति पानीपत अध्यक्ष दीपक राणा, सरपंच प्रतिनिधि चरणजीत राणा, सेवानिवृत्ति मुख्याध्यापक भगवान दास राणा, प्रधानाचार्य वेदपाल सिंह के अलावा समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### समाज को स्वच्छता का संदेश दिया



पानीपत। उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन कार्यकारी निदेशक कार्यकारी अध्यक्ष शैलेश तिवारी के साथ बच्चें।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत**

भीम सैन सचदेवा पुत्र स्व. श्री प्यारे लाल पुत्र श्री तारा चन्द निवासी मकान नं. 933 सैक्टर 13-17 हुडा तहसील व जिला पानीपत व आदि

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि भीम सैन सचदेवा पुत्र स्व. श्री प्यारे लाल निवासी मकान नं. 933 सेक्टर 13-17 हुडा तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मृतक स्व. श्री प्यारे लाल पुत्र श्री तारा चन्द की मृत्यु दिनांक 22.12.2004 को हो चुकी है। मृतक स्व. श्री प्यारे लाल पुत्र श्री तारा चन्द के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:- 1. प्रेम प्रकाश (पुत्र) 2. गुलशन कुमार (पुत्र) 3. भीम सैन सचदेवा (पुत्र) 4. शाम सुंदर सचदेवा (पुत्र) 5. तिलक राज (पुत्र) 6. तेजिन्द्र सचदेवा (मृतक पुत्र) 7. कमलेश (पुत्री) 8. कान्ता (पुत्री) ममता रानी (पुत्री) के ही जायज वारिस हैं मृतक की माता स्व. श्रीमति चेतनी बाई का अरसा पहले देहान्त हो गया है व मृतक की पत्नी स्व. श्रीमति भागवंती सचदेवा का दिनांक 25.05.2023 को देहान्त हो गया है। वारिस नं. 6 स्व. श्री तेजिन्द्र सचदेवा पुत्र स्व. श्री प्यारे लाल का दिनांक 08.08.2022 को देहान्त हो गया है। स्व. श्री तेजिन्द्र सचदेवा पुत्र स्व. श्री प्यारे लाल के देहान्त निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:- 1. मीनाक्षी पत्नी 2. सार्थक सचदेवा पुत्र 3. करन सचदेवा पुत्र जायज वारिस हैं। अनिता रानी परूथी पार्षद वार्ड नं. 01 नगर निगम पानीपत व लेखराज पटवारी द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारसान की तस्दीक की गई।

उपर दर्शाये गये वारसानों के मृतक स्व. श्री प्यारे लाल पुत्र श्री तारा चन्द का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री प्यारे लाल पुत्र श्री तारा चन्द के बताये गये वारिस/ उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक ...... को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**श्रीमति नीना धर्मपत्नी स्वं. श्री भारत भुषण शर्मा निवासी म.न. 269, विवर्ज कालोनी पानीपत व आदि**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमति नीना धर्मपत्नी स्वं. श्री भारत भुषण शर्मा निवासी म.न. 269, विवर्ज कालोनी पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है, जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि **मृतक प्रेम नाथ सपुत्र श्री फिरंगी लाल** की मृत्यु दिनांक 05/09/1999 को हो गई थी। यह कि मृतक की धर्मपत्नी श्रीमति कृष्णा की मृत्यु दिनांक 29/04/2001 को हो चुकी है। यह कि मृतक की माता श्रीमति विधावती का स्वर्गवास मृतक से काफी अरसा पहले हो चुका है। मृतक **स्वं. प्रेम नाथ** के देहान्त के बाद निग्न वारिस उत्तराधिकारी है:- 1. अश्वनी कुमार सपुत्र 2. भारत भुषण शर्मा सपुत्र है। यह कि अश्वनी कुमार की मृत्यु दिनांक 07/02/2002 को हो चुकी है उनकी मृत्यु उपरान्त उनके 4 वारिस 1. विनोद रानी विधवा 2. चंदा सपुत्री 3. नदिंनी सपुत्री 4. गौरव शर्मा सपुत्र है। यह कि भारत भुषण शर्मा की मृत्यु दिनांक 07/01/2007 को हो चुकी है उनकी मृत्यु उपरान्त उनके 3 वारिस 1. नीना विधवा 2. माधवी शर्मा सपुत्री 3. हिमान्शु शर्मा सपुत्र ही वारिस है। यह कि उपर दर्शाये गये वारसानो के मृतक **स्वं प्रेम नाथ** का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नही है, जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है तथा एक्स पार्षद वार्ड नम्बर 23, व हल्का पटवारी सुभाष ने भी अपनी रिपोर्ट मे उपरोक्त वारिस की तसदीक की है, इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक **स्व. प्रेम नाथ** के बताये गये वारिस /उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एव एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकुता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 27/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

## खबर संक्षेप

### 39 वाहनों के चालान किए गए

**अंबाला।** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतु भारी वाहन व गति प्रतिबंधित वाहन के लिए लेन ड्राइविंग करने व बाई लेन में चलने हेतु वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए पुलिस अधिकारियों को एसपी ने जरुरी निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को कहा गया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के तहत निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लंघना करने पर 39 भारी वाहनों के चालान किए।

### मारपीट करने वाले आरोपी को किया काबू

**अंबाला।** थाना सदर क्षेत्र से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए आरोपी हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। धनौरा के विजय कुमार ने 9 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी हरप्रीत सिंह व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए उसकी बाजू तोड़कर जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### तीन आरोपियो को किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी अमनदीप, गुरजीत सिंह उर्फ छोटू व अवतार सिंह को शामिल जांच किया है। तसदीली के जनक राज ने 30 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 जून 2024 को आरोपी अमनदीप, गुरजीत सिंह उर्फ छोटू, अवतार सिंह व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

### बराड़ा में दुकान के बाहर से एक्टिवा चोरी

**बराड़ा।** मुख्य बाजार में दुकान के बाहर से एक्टिवा चोरी हो गयी। यह एक्टिवा गांव नाहरा के राजीव कुमार थी। घटना बीते दिवस की है जब 8:10 बजे वह अशोक किराना स्टोर के पास सामान लेने के लिए रुके थे। केवल 4-5 मिनट में ही उनकी एक्टिवा चोरी हो गयी। पहले उन्होंने अपने तौर पर एक्टिवा को तलाश किया। पीड़ित राजीव ने इस घटना की सूचना पुलिस चौकी में दी।

### जानलेवा हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**अलेवा।** अलेवा पुलिस ने दिल्लूवाला निवासी महिला पर जानलेवा हमला करने के मामले में गांव के ही संदीप व कश्मीर दो आरोपियों को मंगलवार शाम को गांव के चौक से काबू किया है। पुलिस ने दोनो आरोपियों को बुधवार को जींद अदालत में पेश किया है। इस मामले के छह आरोपी फि लहाल भी पुलिस की गिरफ त से बाहर है।

### भगत सिंह कॉलोनी से कार चोरी, मामला दर्ज

**कैथल।** भगत सिंह कॉलोनी से अज्ञात आरोपी ने एक युवक की कार चारी कर ली। गांव जाजनपुर निवासी कृष श्योकंद ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि छह जुलाई को वह अपनी कार में कैथल की भगत सिंह कॉलोनी में आया हुआ था।

## डिप्टी मेयर राजेश मेहता बोले, एनडीसी सबसे बड़ी बीमारी

# कांग्रेस के घोषणापत्र में शामिल होंगे अंबाला के कई मुद्दे, डिप्टी मेयर ने दिया सुझाव पत्र

उपचार होगा तो जनता को मिलेगी राहत, कपड़ा, साइंस व मिक्सी उद्योग को भी बचाव के लिए वायदा करने का दिया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला






अंबाला। डिप्टी मेयर राजेश मेहता।

प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से घोषणा पत्र तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। इसी सिलसिले में पिछले दिनों प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया की ओर से तमाम पदाधिकारियों की मीटिंग बुलाकर नगर निकाय, निगम व परिषदों से जुड़े पदाधिकारियों से भी घोषणापत्र को लेकर सुझाव मांगे गए थे। बाबरिया ने घोषणापत्र में जनहित से जुड़े मुद्दों को शामिल करने की बात कही थी। इसको लेकर अब डिप्टी मेयर राजेश मेहता की ओर से कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया को सुझाव पत्र भेजा गया है। इनमें मेहता की ओर से जनता से जुड़े तमाम मुद्दों को शामिल किया गया है।

### दस साल पुराने मकानों का शुल्क समाप्त हो

सुझाव पत्र में डिप्टी मेयर ने नगर निगम एरिया के दस साल पुराने मकानों का विकास शुल्क समाप्त करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से नगर निगम में भ्रष्टाचार हो रहा है। विकास शुल्क के नाम पर लोगों को परेशान कर उनकी जेब पर डाका डाला जा रहा है।

### फैमिली आईडी की अनिवार्यता खत्म हो

डिप्टी मेयर ने फैमिली आईडी की अनिवार्यता को खत्म करने का सुझाव दिया है। इसकी वजह से लोगों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। फैमिली आईडी में त्रुटियों की वजह से लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले रहे हैं। त्रुटियों को ठीक करने के नाम पर लोगों की जेब ढीली की जा रही है। इसे हटाकर सरल व सुविधाजनक प्रक्रिया को अपनाई जा सकती है।

### एनडीसी की प्रक्रिया को समाप्त किया जाए

डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने बताया कि एनडीसी शहरी एरिया में रहने वाले लोगों के लिए ऐसी बीमारी बन गई है जिसकी वजह से हर नागरिक परेशान हैं। उन्होंने कहा कि एनडीसी न होने की वजह से लोग अपनी ही प्रॉपर्टी में किरायेदार हैं। सालों से वे एनडीसी होने का इंतजार कर रहे हैं। एनडीसी की वजह से नगर निगमों में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है।

### हर परिवार के लिए शिक्षा व उपचार मुफ्त हो

सुझाव पत्र में डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने जरुतमंद परिवारों के लिए मुफ्त शिक्षा व उपचार का सुझाव भी दिया है। मेहता ने कहा कि बदले हालात में सबसे ज्यादा पैसा शिक्षा व उपचार पर खर्च हो रहा है। इसकी वजह से आम परिवार गरीबी के बोझ से उपर नहीं उठ पा रहे हैं। न तो वे बच्चों को बेहतर शिक्षा दे पा रहे हैं न ही बीमारियों का उपचार करवा पाते हैं। ऐसे में उपचार के बिना ही ज्यादातर लोग मौत का शिकार हो जाते हैं। विदेशों की तर्ज पर हमें जनता से मुफ्त शिक्षा व उपचार का वायदा करना चाहिए।

### शहरों की पानी निकासी के लिए बने योजना

पूरे प्रदेश में पानी निकासी सबसे बड़ी समस्या बन गई है। हल्की सी बरसात होते ही शहर नदियों में तब्दील हो जाते हैं। इस समस्या से हर नागरिक बेहद परेशान है। व्यापारी भी इस समस्या से त्रस्त हैं। जब तक शहरों के लिए पानी निकासी की ठोस योजना नहीं बनती तब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

### कपड़ा-मिक्सी व साइंस उद्योग को मिले पहचान

पूरी दुनिया में अंबाला कपड़ा, मिक्सी व साइंस इंडस्ट्री की वजह से मशहूर है। मगर पिछले दस सालों में इन उद्योगों की दुर्गति हो रही है। खासकर मिक्सी कारोबार अंतिम सांसे गिन रहा है। होलसेल कपड़ा मार्केट व साइंस उद्योग भी घाटे का सौदा बन रहा है। इन उद्योगों को को बचाने के लिए हमें कारोबारियों से ठोस वायदा करना होगा ताकि कारोबार फिर से चमक सके। ये तीनों कारोबार अंबाला की पहचान हैं। यह पहचान तभी कायम रहेगी जब राज्य सरकार इनके लिए कुछ करेगी। इन कारोबार से हजारों लोग जुड़े हैं।

## भाजपा राज में बढ़ रहा है अपराध का ग्राफ

■ कांग्रेस राज को याद करने लगे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा का फोटो।

कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने कहा कि बीजेपी शासनकाल में अपराध व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। प्रदेश में कोई भी वर्ग स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। प्रदेश में रोजाना चोरी, हत्या, डकैती, धमकी, रंगदारी मांगने की घटना सामने आ रही है। हालात ये हो गए है कि बीजेपी के कार्यक्रमों में नेता भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व वाले कांग्रेस कार्यकाल तारीफ कर रहे हैं। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान बदमाशों को एनकाउंटर करके ठिकाने लगाने का काम किया जाता था। जिससे प्रदेश की जनता अमन, चैन व शांति से जीवन यापन कर रही थी।

उन्होंने कहा कि बीजेपी शासनकाल के दौरान प्रदेश में अपराध व भ्रष्टाचार लगातार पैर पसार रहा है। आज प्रदेश के स्वयं बीजेपी नेता व लोगों की सुरक्षा करने वाले पुलिसकर्मी भी प्रदेश में सुरक्षित नहीं है। केंद्र व प्रदेश में बीजेपी सरकार होने के बावजूद भी प्रदेश देश का सबसे असुरक्षित प्रदेश बन गया है। प्रदेश में बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि वीआईपी कॉलोनियों में घुसकर वारदातें कर रहे हैं। सरवारा ने कहा कि इस सरकार के कार्यकाल के दौरान बदमाशों ने आम जनता के साथ-साथ नेताओं को भी निशाने पर लेना शुरू कर दिया है। 8 जुलाई को लाडवा की वीआईपी कॉलोनी में नकाबपोश बदमाशों ने बीजेपी नेता के घर पर फायरिंग करके दहशत फैलाने का काम किया है।

## नामी स्कूल सेंट जोजेफ की एनओसी रद्द

**अंबाला।** राज्य सैकेंडरी एजूकेशन के निदेशक की ओर से अंबाला शहर के नामी स्कूल सेंट जोजेफ की एनओसी रद्द कर दी है। साथ ही स्कूल प्रबंधन को आदेश दिए गए कि वे अपने सभी छात्रों को सरकारी स्कूल में शिफ्ट करे। इस आदेश के बाद छात्रों के साथ परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है। अंबाला शहर की सामाजिक कार्यकर्ता कोमल की ओर से इस मामले की शिकायत की गई थी। सेंट जोसेफ स्कूल के खिलाफ कोमल ने 22 अक्तूबर 2020 को सीएम विंडो पर एक शिकायत दी थी। तब उसने कहा था कि स्कूल के पास संचालन हेतु पूरे दस्तावेज नहीं है। तब उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सीएम विंडो पर शिकायत के चलते कोमल ने 22जून 2021 को सेंट जोसेफ स्कूल द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग का नकली भवन सुरक्षा परिमाण पत्र पकड़ा था । सेंट जोसेफ स्कूल के पास इस समय न ही कोई फायर एनओसी है न ही भवन सुरक्षा का प्रमाण पत्र। यहां तक कि कोमल को नगर निगम अंबाला से एफिडेविट दिया है जिस से यह पता लगता है कि स्कूल के पास नगर निगम से अप्रूव नक्शा भी नहीं है । ऐसे में यह सारे दस्तावेज कोमल ने डायरेक्टर सैकेंडरी एजूकेशन पंचकुला को भेजे थे।



मुलाना। पौधरोपण करते हुए संत मनदीप दास व अन्य।

## डेरा सिरसगढ़ में चला पौधरोपण अभियान

**मुलाना।** श्री गुरु रविदास धर्म स्थान डेरा सिरसगढ़ में संत मनदीप दास द्वारा पौधारोपण अभियान शुरू किया गया। उन्होंने आश्रम प्रांगण में त्रिवेणी लगाकर लोगों को पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया । उन्होंने बताया कि आश्रम प्रांगण में अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएंगे, और संगत को लगातार संगत को भी अपने घरों व आसपास अधिक से अधिक पौधारोपण की अपील की गई है। संत मनदीप दास ने कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। लोग अपने स्वार्थ के लिए पेड़ों को काट रहे है, जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है। अगर पर्यावरण हरा-भरा रहेगा, तभी जीवन भी सुरक्षित रहेगा। हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरत और हरा-भरा बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूर करें। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील के साथ साथ पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को भी कहा ।

# बाला सुंदरी मंदिर बड़ा त्रिलोकपुर को जाने वाली बस सेवा हो बहाल

■ कांग्रेसियों ने जीएम रोडवेज को ज्ञापन देकर की मांग, कहा श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। जीएम रोडवेज को ज्ञापन देते कांग्रेसी।

लाखों लोगों की कुल देवी व आस्था की प्रतीक माता बाला सुंदरी मंदिर बड़ा त्रिलोकपुर अंबाला शहर से हिमाचल प्रदेश के सिरमौर तक बस सेवा बहाल करने को लेकर कांग्रेसियों ने जीएम रोडवेज को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन की अध्यक्षता में कांग्रेसी जीएम से मिले। ज्ञापन में जैन ने कहा कि अंबाला शहर से हजारों लोगों की कुल देवी व आस्था की प्रतीक माता बाला सुंदरी मंदिर बड़ा त्रिलोकपुर तक हरियाणा रोडवेज की ओर से नियमित बस चलती थी। कोरोना काल में इस रुट को बंद कर दिया गया था। उस दौर में जब टांगरी नदी का पुल भी न बना था तब भी यह बस सेवा नदी के रास्ते से होते हुए, बड़ा त्रिलोकपुर बाला सुंदरी मंदिर के प्रांगण तक जाती थी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल को बीते हुए लगभग 4 साल हो गए हैं। काफी समय से जितनी भी परिवहन सेवाएं हैं वे सुचारु रुप से चल रही हैं लेकिन बड़े दुख की बात है कि पूरे विश्व में सामान्य जिंदगी पटरी पर आने के बावजूद कई वर्षों से यह बस सेवा नियमित रुप से नहीं चल रही है। लोगों के आस्था के प्रतीक बाला सुंदरी मंदिर में हर रविवार, अष्टमी, चौदस व नवरात्रों में भारी भीड़ होती है। पहले यह बस अंबाला शहर बस स्टैंड से वाया नारायणगढ़, कालाअंब, त्रिलोकपुर जाती थी। वहां से यह बस चंडीगढ़ जाती थी। इस बस को दैनिक रुप से चलाने के लिए अंबाला शहर के कुछ लोगों ने रोडवेज अधिकारियों से आग्रह किया था। उस आग्रह पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। जैन ने कहा कि हजारों भगतजनों ने मंदिर में दर्शन के लिए जाना होता है लेकिन दैनिक बस सेवा न होने की वजह से बहुत से लोग माता बाला सुंदरी के दर्शनों से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस बस को तुरंत प्रभाव से पुनः दैनिक रुप से शुरु किया जाए ताकि श्रद्धालुओं को बाला सुंदरी मंदिर बड़ा त्रिलोकपुर में आसानी से दर्शनों के लिए जा सके।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तरुण चुघ, कुलदीप सिंह गुल्लु, सुरजीत सिंह पंजोखरा, अशोक बरतिया, किरण राणा, जतिंदर पाल सोढ़ी, राज पाल शर्मा, विपिन गर्ग, रोहित गर्ग, आशीष टक्कर, संजय राठी, रूप चंद, एडवोकेट गौरव कुकरेजा, एडवोकेट संदीप कुमार शर्मा, एडवोकेट भजन सिंह बहगल भी मौजूद रहे ।

# पारिवारिक झगड़ा बढ़ा, महिला व उसके भाई पर मंजे के शेरवे से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

गांव रजोखेड़ी में हुए एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया। इसमें एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। इस हमले में गांव के ही पाला राम को गंभीर चोटें आई और उन्हें तुरंत एमएम मुलाना अस्पताल में भर्ती कराया गया। 60 वर्षीय माया देवी के अनुसार, उनके भाई, पाला राम, जो पिछले 45 सालों से राजोखेड़ी में अपने परिवार के साथ रह रहे हैं और खेती-बाड़ी कर रहे हैं। उस पर माम चन्द ने हमला किया। माम चंद अपने बेटे की पत्नी गीता रानी और पाला राम के बेटे करनैल सिंह की पत्नी राणी की आपसी बातचीत और बाजार में जाने से नाराज था।

### मंजे के शेरवे से किया हमला

9 जुलाई 2024 को शाम 5 बजे, जब पाला राम और माया देवी दोनों अपने घर पर बातचीत कर रहे थे, तभी माम चन्द ने गाली देते हुए पाला राम पर मंजे के शेरवा से हमला कर दिया। उसने पाला राम के सिर पर कई वार किए गए, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद माम चन्द की पत्नी प्रकाशो देवी ने माया देवी पर डंडे से हमला किया, जिससे माया देवी के हाथ और कमर पर गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोग पाला राम को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल बराडा ले गए, जहाँ मुलाना अस्पताल में रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने पाला राम को सिर और अन्य जगहों पर गंभीर चोटें बताई हैं। घटना की जानकारी मिलने पर बराडा थाना के पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर माया देवी का बयान दर्ज किया और माम चन्द और उसकी पत्नी प्रकाशो देवी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की। माम चन्द और प्रकाशो देवी पर पुलिस ने केस दज र् किया हे। वहीं माया देवी ने अपने बयान में बताया कि माम चन्द और उसकी पत्नी प्रकाशो देवी घटना के बाद अपने-अपने हथियारों सहित मौके से फरार हो गए।

### मजदूरी मांगने पर पिता-पुत्र ने प्रवासी का हाथ तोड़ा

**अंबाला।** मजदूरी के पैसे मांगने पर एक व्यक्ति का हाथ तोड़ दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि उसके साथ जमकर मारपीट भी की गई। अब पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से बिहार के रहने वाले विजय कुमार ने बताया कि वह गांव धनौरा के नजदीक धर्मपाल सिंह सरदार के पास खेतों में रह रहा है। मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहा है। धनौरा के रहने वाले गुलाबा सिंह व उसका बेटा हरप्रीत सिंह ने उससे अपने खेत में खाद व कीटनाशक की स्प्रे का काम कराया था। लेकिन आरोपियों ने उसकी पूरी मजदूरी नहीं दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह इसी कारण उसका काम करने के लिए नहीं गया।

## बाल कलाकार रमनजोत सिंह हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

रोटरी क्लब बराड़ा द्वारा पंजाबी बाल कलाकार रमनजोत सिंह को सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब के प्रधान दिलप्रीत सिंह ने सम्मान समारोह में बोलते हुए कहा कि रमनजोत सिंह ने न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है।

यह बराड़ा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। समारोह में रमनजोत के पिता बलविंदर सिंह और माता बलप्रीत कौर ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान रमनजोत ने मोबाइल पर डांस स्टेप देखकर डांस करना शुरू किया और जल्द ही उसमें रुचि विकसित कर ली। लॉकडाउन के बाद उन्होंने रमनजोत को डांस अकादमी भेजा। रमनजोत ने 'इंडिया टैलेंट फाइट' में जीत हासिल की और 'कलर टीवी डांस दीवाने जूनियर' में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने एक्टिंग में भी कदम रखा और अब तक उनकी तीन फिल्में - 'जट एंड जूलियट पार्ट 3', 'छिंदा छिंदा नो पापा', और 'जे पैसा बोलता होंदा' रिलीज हो चुकी हैं। रमनजोत अभी भी 5 पंजाबी फिल्मों में काम कर रहे हैं और कई वेब सीरीज और पंजाबी गानों में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं।



बराड़ा। रमनजोत को सम्मानित करते हुए रोटरी क्लब के सदस्य।

### क्षेत्र की समस्याओं का हो समाधान, डीसी के नाम सौंपा ज्ञापन



**बराड़ा।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सोनिया परोचा ने क्षेत्र के ग्रामीण लोगों और सरकारी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को डीसी के नाम एक मांग पत्र सौंपा। यह मांग पत्र विनती तहसीलदार ने प्राप्त किया। इस पत्र में उन्होंने ट्रेजरी में सिंगल कर्मचारी होने, कंटीजेंसी बिल न बनने, सीएचसी में खाली पड़े मेडिकल अफसरों के पद भरने, सीएससी में एक्स-रे मशीन के खराब होने, ऑपरेटर की व्यवस्था करवाने, अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन देने, सड़कों के रकह रखाव, गंदे पानी की निकासी आदि समस्याओं के जल्द हल किए जाने की गुहार लगाई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## नशे के खिलाफ राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से जागरुकता कार्यक्रम

# नशे की वजह से देश में हर साल 19 लाख लोग तोड़ देते हैं दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। छात्रों को शपथ दिलवाते डॉ. अशोक वर्मा।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से निरंतर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी सब इंस्पेक्टर डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अंबाला छावनी के रामबाग स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को नशों के खिलाफ जागरुक किया। विद्यालय की संस्कृत विषय की शिक्षिका नीलम की अध्यक्षता में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें 555 विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मियों ने भाग लिया। मंच का संचालन शिक्षक मुकेश मित्तल ने किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे की परिभाषा से अवगत कराते हुए कहा कि विधि अनुसार नशे दो प्रकार से हैं एक प्रतिबंधित और दूसरा अप्रतिबंधित। उन्होंने सबसे पहले अप्रतिबंधित नशे पर चर्चा करते हुए कहा कि यद्यपि बीड़ी सिगरेट तम्बाकू जर्दा खैनी शराब आदि पर सरकार ने प्रतिबंध नहीं लगाया लेकिन इनके ऊपर बड़े अक्षरों में लिखा है कि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। साथ ही कैंसर का फोटो लगाया हुआ है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार संसार में प्रतिवर्ष 80 लाख लोग नशे से मरते हैं। देश में यह संख्या 19 लाख है।

उन्होंने कहा कि अफीम, चरस, भांग, हेरोइन, स्मैक व चिट्टा एलएसडी रखना सेवन करना खरीदना बेचना प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि ब्यूरो द्वारा वर्ष 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5460 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा है जबकि 2024 के प्रथम 6 माह में 1653 अभियोग अंकित कर 2196 नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। बार नशा तस्करी में संलिप्त 89 अपराधियों की संपत्ति पर पीला पंजा चलाया गया है। उन्होंने कहा कि अज्ञानता लोभ और अशिक्षा के कारण कोई नशे के चक्रव्यूह में न फंसे इसीलिए विशेष रुप से युवाओं को नशे से दूर रहने को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने ब्यूरो का हेल्पलाइन नंबर 9050891508 विद्यार्थियों को बताया और कहा कि इस पर नशा तस्करों की सूचनाएं दी जा सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण जानकारी और मार्गदर्शन के लिए वर्मा का आभार जताया।